VIVID ARTS & ENTERTAINMENT

Vivid Arts & Entertainment

Events Forerunner.........

Communication off- D 103, Sonam Darshan, Golden Nest Phase 1, Mira Road East Thane 401107

Phone-91-22-65105522, E-mail- info@vividart.co.in

उत्तर दक्षिण में रुचि कथक और सुजाता भरतनाट्यम प्रस्तुत करेंगी

मुंबई, २९ जून, २०१६। विविड आर्ट्स अपनी प्रसिद्ध कला प्रस्तुति 'उत्तर दक्षिण' शृंखला में इस बार कत्थक और भरतनाट्यम को एक साथ मंच पर प्रस्तुत करने जा रही हैं। कत्थक नृत्य श्रीमती रुचि शर्मा प्रस्तुत करेंगी तो भरतनाट्यम श्रीमती सुजाता नायर। उपर्युक्त अभिनव नृत्य प्रस्तुति ९ जुलाई २०१६ को संध्या ७ बजे से रवींद्र नाट्य मंदिर सभागृह, प्रभादेवी, मुंबई में होगी। वैसे तो दोनों नृत्य शैली भारत के अलग क्षेत्र की है, उसके बावजूद दोनों में समानताएं भी हैं।

लखनऊ घराने की कत्थक नृत्यांगना रुचि शर्मा के करने का विश्व कीर्तिमान है। शास्त्रीय संगीत के विद्वान और नृत्यगुरु आचार्य अनुपम राय की शिष्या रुचि नृत्य कार्यक्रमों के अलावा रुचि कथक क्लासेज के माध्यम से सिखाती भी हैं। कई फिल्म एवं टीवी कलाकार उनके शिष्य हैं। कथक नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें नृत्य मणि, नर्तन चक्रवर्ती, हिंद गंधर्व श्री, नृत्य मयूरी, संस्कृति शिरोमणि, कथक श्रेष्ठ, प्रयाग गौरव, नृत्य सुरभि, कोयल आदि सम्मान देश-विदेशों से मिल चुके हैं।

श्रीमती सुजाता नायर मशहूर नृत्य गुरु और उपासना की संस्थापक श्रीमती जयश्री नायर से भरतनाट्यम और मोहिनी अट्टम की शिक्षा लगभग तीन दशक तक ली है। इसके अलावा उन्हें कलाइमामणि स्वर्गीय महालिंगम पिल्लै, स्वर्गीय रामास्वामी भगवाकर, पद्विभूषण स्वर्गीय कलानिधि नारायण और शोभना भालचंद्र से नृत्य सीखने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। श्रीमती सुजाता ने पूरे देश में नृत्य के कार्यक्रम किए हैं। यही नहीं उन्होंने श्रीमती देवी बसु से ओडिशी भी सीखी है। इस तरह सुजाता तीनों नृत्य शैलियों में पारंगत हैं। श्रीमती नायर ने अनन्य फेस्टिवल, खजुराहो महोत्सव, बांद्रा फेस्टिवल, एनसीपीए मुद्रा फेस्टिवल, एलिफेंटा महोत्सव, गिरनार महोत्सव, इशा नवरात्रि महोत्सव, काला घोड़ा महोत्सव, पोरबंदर, संदीपनी महोत्सव नाट्यांजलि महोत्सव, नवनीतम रंग हर्षा महोत्सव, नागार्जुन सागर महोत्सव, सिरपुर महोत्सव, स्वामी हरिदास, सम्मेलन आदि में नृत्य की प्रस्तुतियां दी हैं। उन्हें भारत सरकार की भारत नाट्य के लिए छात्रवृत्ति भी मिल चुकी है। आप कर्नाटक शैली की गायिका भी हैं। दूरदर्शन की 'ए' श्रेणी प्राप्त कलाकार हैं। नृत्य के क्षेत्र में उनके योगदान के मद्देनजर उन्हें अनेक सम्मान भी मिले हैं।

'उत्तर दक्षिण' शृंखला के उपर्युक्त कार्यक्रम में रुचि और श्रीमती सुजाता की एकल प्रस्तुतियों के अलावा युगलबंदी भी होगी। पहले आएं, पहले पाएं के आधार पर प्रवेश नि:शुल्क है। उपर्युक्त जानकारी विविड आर्ट्स के प्रबंध निदेशक पं. वी. नरहरि ने दी।